# संसदीय क्षेत्र में 59.65 प्रतिशत मतदान हुआ

**■ शहरी क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत 62.86 रहा। यहां पुरूषों से 65.38, महिलाओं ने 60.31 तथा तृतीय लिंग के 65.22 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किया**

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए अजमेर संसदीय क्षेत्रा के प्राप्त अन्तिम सांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार 59.65 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान प्रतिशत पुरूषों का 61.17, महिलाओं का 58.08 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं का 59.26 रहा।

रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि अजमेर संसदीय क्षेत्रा का चुनाव 26 अप्रेल को सम्पन्न हुआ। क्षेत्रा के अन्तिम सांख्यकी आंकड़ों के अनुसार पंजीकृत 19 लाख 95 हजार 699 मतदाताओं में से 11 लाख 90 हजार 439 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह 59.65 प्रतिशत है। क्षेत्र के 10 लाख 14 हजार 988 पुरुषों में से 6 लाख 20 हजार 878 (61.17 प्रतिशत), 9 लाख 80 हजार 684 महिलाओं में से 5 लाख 69 हजार 545 (58.08 प्रतिशत) तथा 27 तृतीय लिंग मतदाताओं में से 16 (59.26 प्रतिशत) द्वारा मतदान किया गया। सर्वाधिक मतदान प्रतिशत राजकीय प्राथमिक विद्यालय दांता (पुष्कर) में 85.61 प्रतिशत रहा। न्यूनतम मतदान राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालय बलवन्ता में 0.89 प्रतिशत दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि जिले के 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के 34 हजार 347, 20 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के एक लाख 26 हजार 332 तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 13 हजार 112 मतदाताओं ने वोट दिया। क्षेत्र में 3 लाख 50 हजार 34 द्वारा ईपिक कार्ड से तथा 8 लाख 40 हजार, 405 द्वारा अन्य दस्तावेजों से अपनी पहचान सत्यापित की गई। क्षेत्र में निविदत्त मतों की संख्या 16 रही। दृष्टिबाधित व्यक्तियों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए 82 दृष्टिबाधितों द्वारा ब्रेल लिपि की डमी बैलेट शीट, 387 द्वारा साथी के सहयोग से तथा 27 द्वारा ब्रेल एवं साथी दोनों के सहयोग से मतदान किया गया। श्रवण बाधित 357, चलन बाधित 6193 तथा अन्य 1348 दिव्यांगों ने मतदान किया।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत 62.86 रहा। यहां पुरूषों से 65.38, महिलाओं ने 60.31 तथा तृतीय लिंग के 65.22 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। पुष्कर शहरी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक 65.73 प्रतिशत एवं दूदू का न्यूनतम 55.15 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में 59.07 प्रतिशत पुरूषों, 56.92 प्रतिशत महिलाओं एवं 25 प्रतिशत तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किया। यह कुल 58.02 प्रतिशत रहा। विधानसभा अजमेर उत्तर का ग्रामीण क्षेत्र का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक 64.22 प्रतिशत तथा दूदू का न्यूनतम 54.20 प्रतिशत रहा। अजमेर दक्षिण में कोई ग्रामीण क्षेत्र विद्यमान नहीं है।

# थैलेसिमिक बच्चो के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**अजमेर, (कासं)।** सन्त कंवरराम धर्मशाला पडाव में आज रविवार को अजमेर रीजन थैलिसिमिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आज प्रातः काल 09 बजे से सांयकाल 06 बजे तक पडाव स्थित संत कंवरराम धर्म शाला में थैलेसिमिक बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सोसायटी के महामंत्री ईश्वर पारवानी ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा रक्त का संठाहण करने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम का संयोजक समाज सेवी कमलेश उत्तवानी न जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि सह संयोजक प्रदीप लालवानी सहित 21 सेवादारी दल के सदस्यो द्वारा अपनी सेवाऐ प्रदान करके रक्तदान शिविर को सफल बनाकर जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय मे रक्त को एकत्रित करवाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक कमलेश उत्तवानी ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि अजमेर रीजन में 250 बच्चे पंजीकृत है।

वरिष्ठ पत्रकार राजेश लालवानी,जन सेवा समिति के संस्थापक व महासचिव वरिष्ठ पत्रकार रमेश लालवानीअजयमेरू सेवा समिति के किशोर विधानी,राजेश झूरानी, अजमेर जिला केमिस्ट ऐसोसिढशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी,श्याम मंधनानी सहित अन्य समाज सेवियो ने रक्तदाताओ से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए आज रविवार 28 अप्रेल को पडाव स्थित संन्त कंवरराम धर्मशाला में रक्तदान करने पहुंचें साथ ही अपने समपर्क में आने वाले अन्य लोगो को भी प्रेरित करे। अधिक जानकारी के लिए संयोजक कमलेश उत्तवानी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## सार-समाचार

### दो शीतल जल मंदिर की स्थापना



**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की ओर से भीषण गर्मी से त्रस्त आमजन के लिए शहर के दो व्यस्ततम क्षेत्र में शीतल जल मंदिर की स्थापना कर उनके लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि संस्थान द्वारा आनंद प्लाजा एवं शास्त्री सर्कल स्थित लोढ़ा कॉम्प्लेक्स के बाहर श्री अग्रसेन जल मंदिर की स्थापना की गई। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाशचंद्र अग्रवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल द्वारा इन दोनों जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महामंत्री चंचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल सुशील कागदी,रमेश तायलिया, जगदीप मंगल ओम प्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, महिला समिति जिलाध्यक्ष सुधा अग्रवाल, नीतू गुप्ता, शीला अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जांच, ऑपरेशन शिविर आज से

**उदयपुर, (निसं)।** अग्रवाल वाइब्रेंट व पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के साझे में उदयपुर शहर में पहली बार सबसे बडा निशुल्क जांच, भर्ती और ऑपरेशन की सुविधाओं वाला चिकित्सा शिविर 28 अप्रैल को आरएमवी स्कूल के सभागार में सुबह 9.300से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उद्यमी जितेंद्र तायलिया पीएमसीएच के कार्यकारी निदेशक अमन अग्रवाल, उद्यमी गोपाल अग्रवाल, डॉ. एम.एम मंगल वीसी पीएमसीएच होंगे। अध्यक्षता राहुल अग्रवाल चेयरमैन पेसिफिक ग्रुप करेंगे। ग्रुप अनिल अग्रवाल ने बताया कि आरएमवी के केंद्रीय सभागार में होने वाले खास शिविर में अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अतुलाभ वाजपेयी, डॉ. हनुवंत सिंह राठौड, डॉ. नीलेश पतीरा, डॉ. शिव कौशिक, डॉ. मनीषा वाजपेयी आदि का परामर्श मिलेगा। साथ ही ईसीजी, शुगर, बीपी की जांच, नाक, कान, गला के ऑपरेशन व मोतियाबिंद के लैंस भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। अनिल अग्रवाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य यह है कि शहर के अधिक से अधिक लोग निरोगी रहे इसी सोच के साथ सभी सुविधाओं के साथ शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पंजीकृत आमजन को 10 मई तक निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा।

### चोरी करने वाला भतीजा गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** कर्ज उतारने के लिए भुआ के घर से जेवरात चुराने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार पीडित प्रकरण के अनुसार नोजी बाई पत्नी रामक्ष सुथार निवासी हिरणमगरी सेक्टर 4 ने गत दिनों हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि पांच माह पूर्व मेरे घर से 3 तोला सोने के व 46 तोला चांदी के जेवर चोरी हो गए। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन जेवरात नहीं मिली। शंका के आधार पर अपने भतीजे विजेन्द्र कुमार सुथार पुत्र पुरूषोत्तम लाल निवासी दरोली डबोक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए जेवरात बरामद किए। प्रारंभिक पूछताछ में उसने उक्त जेवरात कर्ज चुकाने के लिए चोरी करना स्वीकार किया।

### हज ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**उदयपुर, (निसं)।** हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष हज पर जाने वाले हाजियो के लिए एक दिवसीय हज ट्रेनिंग प्रोग्राम शनिवार को सुबह 9 बजे से रजा गार्डन अलीपुरा हॉल में रखा गया। यह ट्रेनिंग राजस्थान हज कमेटी उदयपुर एवं अलीपुरा इंतजामिया कमेटी के सयुक्त तत्वाधान मे आयोजित किया गया , इसमें आलिम, ओलेमा द्वारा हज की जानकारी दी गई , स्टेट हज कमेटी के ट्रैनर्स द्वारा सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे मे जानकारी दी गई , जिसमे जिला उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर से हाजीत तररीफ ला कर जानकारी हासिल की,इस अवसर पर कमेटी के सदस्य, इसरार मोहम्मद, फिरोज अहमद शेख, मुस्ताक अहमद, हनीफ शैख, नासिर खान, रईस खान, सुल्तान बक्श, सरफराज खान, बाबू खान, अशफाक भाई,सरफराज गुमानी अलि असगर डॉ, फारूक ने अपनी खिदमत दी । यह जानकारी जिला हज सयोंजक मोहम्मद अयूब ने दी।

### वर्ल्ड वेटरनरी डे पर सेमिनार

**उदयपुर, (निसं)।** पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान मे वर्ल्ड वेटरनरी डे पर सेमिनार का आयोजन हुआ। संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने वर्ल्ड वेटरनरी डे के उद्देष्य पर प्रकाश डाला और कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान का अनुप्रयोग न केवल पशु स्वास्थ्य और कल्याण में बल्कि यह मनुष्यों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है। इस अवसर पर संस्थान की डॉ. पदमा मील, पन्नालाल शर्मा एवं पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

### कवि जैन पुरस्कृत

**बांसवाडा, (निसं)।** स्वर्णिम दर्पण हिन्दी मासिक पत्रिका संस्थान अजमेर की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि उत्सव जैन नौगामा को मतदाता जागृति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर पुरस्कृत किया गया। संस्थापक सौरभ पाण्डेय ने बताया कि बेटियों एवं युवाओं को मतदान के लिये कविताओं एवं पोस्टर संभाग स्तर पर विमोचन कर विभिन्न विभागों, विद्यालयों में वितरित कर अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित करने पर प्रशंसा पत्र दिया गया।

# सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन आज

**■ वेचारिक गोष्ठी के मुख्य वक्ता बौद्ध मठठ के अध्यक्ष व सर्वधर्म समिति के प्रमुख एवं पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य गुणवन्त राहुल होंगे**

**अजमेर, (कासं)।** गौतम नगर स्थित महाबोधि विहार बौद्व मठठ में रविवार को प्रातः काल 10 बजे से सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। इस सभा के माध्यम से महात्मा बुद्व के परम भक्त शिवलि अर्हत के जीवन पर आधारित वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

वेचारिक गोष्ठी के मुख्य वक्ता बौद्व मठठ के अध्यक्ष व सर्वधर्म समिति के प्रमुख एवं पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य गुणवन्त राहुल होंगे। सर्वधर्म प्रतिनिधी जन सेवा समिति के संस्थापक व महासचिव एवं बौद्व मठठ के संरक्षक रमेश लालवानी कार्यक्रम संयोजक के द्वारा बौद्व, मठठ में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन करके महात्मा बुद्व की प्रतिमा के आगे सर्वधर्म प्रतिनिधियो के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके विश्व शान्ति की जल ,थल ,नभ और दसो दिशाओ के प्राणियो के मंगल की प्रार्थना की जायेगी। बौद्व मठठ के रवि कुमार एवं राकेश राजोरिया द्वारा भी सर्वधर्म प्रार्थना में अपने अपने विचार व्यक्त किये जायेंगे।

महिला मण्डल की बौद्व मठठ के सचिव सोनी राहुल, मोनिका सिंह, लक्ष्मी, याशिका सिंह, अभय कुमार कुंपावत, उषा कुंपावत, प्रेरणा, दीपांकर, सरदार बलबीर सिंह, बद्वरूद्दीन कुरेशी,राकेश जैन,उषा मित्तल जैन सहित अन्य सर्वधर्म प्रतिनिधी प्रार्थना सभा में सम्मलित होंगे। पुष्पेन्द्र कुमार के द्वारा महात्मा बुद्व की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके सर्वधर्म प्रार्थना सम्पन्न करवाई जायेगी और सबका मंगल हो की प्रार्थना की जायेगी।

## परामर्श शिविर का आयोजन मंगलवार को

**बिजयनगर, (निसं)।** श्री कृष्ण गोपाल आयुर्वेद कालेड़ा एव वर्धमान सेवा संस्थान बिजयनगर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 30 अप्रैल मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

मील चौक स्थित होटल संचेती पैलेस में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एव परामर्श शिविर के संदर्भ मेंजानकारी देते हुए वर्धमान सेवा संस्थान के मंत्री मुकेश कुमार बिलवाडिया ने बताया कि शिविर में श्री कृष्ण गोपाल कालेडा आयुर्वेद संस्थान के विशेषज्ञ वैद्य रोगियों का निशुल्क उपचार एवं परामर्श कर निशुल्क दवा देगे । शिविर मंगलवार प्रात 9 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# जेईई मैन्स् के रिजल्ट में 99.96 परसेंटाइल के साथ ध्रुवी टॉप पर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जे ई ई मैन्स् 2024 के दूसरे सेशन की परीक्षा का रिजल्ट बुधवार देर रात जारी किया । इसमें भीलवाड़ा आर के कॉलोनी निवासी ध्रुवी जैन ने 99.96 परसेंटाइल हासिल करते हुए भीलवाड़ा जिले में गर्ल्स टॉपर रही है । ध्रुवी ने पहले ही साल में जेईई मैन परीक्षा पास कर ली ।शुरुआत से ही ध्रुवी अकादमिक टॉपर रही है । 10 बोर्ड में 99.20 हासिल करने वाली ध्रुवी भीलवाड़ा जिले में टॉप करते हुए आल इंडिया पांचवी रैंक लाई थी और उसका 12 क्लास का परिनाम आना बाकी है ध्रुवी का पढ़ाई के प्रति बचपन से रुझान रहा है । वो अपने पेरेंट्स और टीचर को अपनी सफलता का श्रेय देती है ।

ध्रुवी का कहना है कि उसकी इच्छा बड़ा होकर कलेक्टर बनने की है और इस इच्छा और सपने को पूरा करने के लिए वो शुरू से ही मन लगाकर पढ़ाई करती आ रही है ध्रुवी के पिता प्रकाश सिंघवी (जैन) सोलर एवं प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं और उसकी मां सोनाली जैन भीलवाड़ा सेशन कोर्ट में रीडर की पोस्ट पर कार्यरत हैं । ध्रुवी दसवीं के एग्जाम के बाद से ही कोटा मे रहकर जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही थी । उसने कई प्रतियोगी परीक्षाएं दी है जिन में गोल्ड मेडल और फर्स्ट रैंक प्राप्त किये है । ध्रुवी की मां सोनाली जैन का कहना है कि ध्रुवी शुरू से ही ऑलराउंडर है । किताबें पढ़ना , कुकिंग और डांस में भी परफेक्ट है ध्रुवी के दो छोटे भाई हैं जिन्हें भी वो टैकल करती है ।



ध्रुवी जैन भीलवाड़ा जिले में गर्ल्स टॉपर रही है।

## बिजयनगर नगर पालिका क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

**बिजयनगर, (निसं)।** शुक्रवार को संपन्न हुए अजमेर लोकसभा चुनाव मे पालिका क्षेत्र के 26175 मतदाताओं में से 15795 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करते हुये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में शामिल हुये । लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं ने अपने पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया । बिजयनगरनगर पालिका क्षेत्रके 24 मतदान केंद्रो में प्रशासन एवं पुलिस के व्यापक बंदोबस्त के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । बिजयनगर शहर के मतदाताओं ने सबसे अधिक मतदान बूथ नं 163 सिंधी कॉलोनी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर हुआ।बूथ नंबर 163 सिंधी कॉलोनी के कुल 1102 मतदाताओं में से 800 मतदाताओं नेअपने मत का प्रयोग करते हुए 72.60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर शहर के 24 मतदान केंद्रो में प्रथम स्थान पर रहा । सबसे कम मतदान बूथ नं 155 मुनीम कॉलोनी हुआ । बूथ नंबर 152 मुनीम कॉलोनी क्षेत्र के 1162 मतदाताओं में से604 मतदाताओं ने मतदान किया सबसे कम 51.98 प्रतिशत मतदान हुआ।

# नि:शुल्क एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न

## पाइल्स दवा , आयुर्वेद दवा का निःशुल्क वितरण



**नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर प्रतिमाह की भांति इस माह भी प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धोला भाटा स्थित मन्ना हवेली में आयोजित किया गया ।**

**अजमेर, (कासं)।** स्वामी विवेकानंद शाखा भारत विकास परिषद अजमेर एवं आरोग्य काया एक्यूप्रेशर योगा मंदिर अजमेर के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर प्रतिमाह की भांति इस माह भी 27 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धोला भाटा स्थित मन्ना हवेली में आयोजित किया गया । उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव के.के. गौड़ ने बताया कि शिविर में डॉ. महेश अग्रवाल एवं उनके सहयोगी कल्पना बुलदेल , के. के. शर्मा , आशीष बाकलीवाल आदि ने अपनी सेवा दी।

इसके साथ ही शिविर में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया किया गया। जिसमे डॉ. नरेश चेतन भम्भाणी प्राकृतिक चिकित्सा की सेवा दी। शिविर में लकवा , गठिया , कमर दर्द , सियाटिका , घुटने का दर्द , दमा , नजला , हर्निया , प्रोस्टेट , आंखों के सम्बंधित रोग , सिर दर्द , पेट दर्द , कब्ज , माइग्रेन , सरवाइकल, पथरी, आदि समस्त रोगों का उपचार किया गया । जिसमे सैंकड़ो मरीजो ने स्वास्थ्य लाभ उठाया ।साथ ही किशन देवानी द्वारा फ्री पाइल्स की दवा दी गयी।

## 'परिंड़े' वितरण किए गए

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में शुक्रवार को 'देश का पर्व' - मतदान दिवस पर 100 प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य के लिए राजीव गांधी कॉलोनी, जॉन्सगंज, कोलोनी निवासीयो ने 'मतदान' करने पर निशान लगी उंगली दिखाने पर ' परिंडे ' वितरण किए गए।

परिंडे का वितरण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सभी मतदाताओ को अपने घर पर परिंडे में पानी भरकर कर जरूर रखें। प्रदीप कुमार कच्छावा ने बताया कि उनका उद्देश्य किसी व्यतिविशेष या राजनैतिक पार्टी का प्रचार- प्रसार करना नहीं है या प्रभोलन व लालच देने का नहीं है । सामाजिक सरोकार के तहत किये गये कार्य से तहत 200 मीटर के बाद प्रशानिक गाईडलाईन के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन से किया गया । मतदाताओं को घर से बाहर निकाल कर ' मतदान ' करने के लिए ' प्रेरित ' करना और मतदान कर निशान लगी हुई उंगली दिखाने पर उन्हें ' परिंडे ' दे कर उनका उत्साहवरधन किया गया और ' लोकतंत्र के पर्व - मतदान ' के महत्व को समझाया। मतदान का प्रतिशत बढाने को उद्देश्य से ' परिंडे ' वितरण करने में राजीव गांधी कॉलोनी निवासी उपस्थित थे।

# राजस्थान शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने दिए शिक्षा हित में सुझाव

**मसूदा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम व प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में भेंट की ।

जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा तथा जिला मंत्री रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ भेंट में संगठन ने शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे और शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने शिक्षक कल्याण बोर्ड का गठन करने,वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को सार्वजनिक कर तत्काल लागू करने एवं समस्त शिक्षक संवर्गों की सभी वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण करने के साथ प्रदेश के शिक्षको को सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की। क्षेत्रिय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के घनश्याम ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन होकर शिक्षक हित में लगातार निष्पक्ष भाव से कार्य कर रहा है और राष्ट्रीय हित के कार्यों को अपना कर्तव्य समझ हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है।अतः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय को अविलंब मान्यता प्रदान करें।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने आरपीएमएफ/आरजीएचएस की कटौती में कमी करने और आयकर में छूट देने।अस्पताल में उपचार के दौरान पिछली सरकार में लागू प्रतिदिन एक हजार रुपए की लिमिट और महीने में पांच आउटडोर की लिमिट समाप्त की जावे। संविदा भर्ती पर संगठन की मांग करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावे। यथाशिक्षाकर्मी, पैराटीचर, पंचायत शिक्षक आदि। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 23000 संविदाकर्मी नियुक्त है।राज्य सेवा एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत के दस से पंद्रह अंकों के प्रश्न निर्धारित किए जाएं। राजस्थान के शिक्षकों को 1000 रुपए प्रतिमाह ग्रामीण भत्ता दिया जावे।ग्रामीण भत्ता देने से शिक्षकों में शहरों में आने की प्रतिस्पर्धा समाप्त होगी और स्थानांतरण की समस्या का समाधान होगा।लगभग डेढ़ घंटा चली इस भेंट में मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गहनता से सुनते हुए शीघ्र उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश सभाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष डॉ अरुणा शर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन की मुख्यमंत्री की वार्ता पर प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राठौड़ जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा जिला मंत्री रतन सिंह देवड़ा प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज तर्क ,विभाग संगठन मंत्री गुरु शरण गोयल, पंकज शर्मा हेमेंद्र दगदी विष्णु गोयल गीता सोलंकी शिमला लक्ष्मण सिंह पायलट सहित संगठन पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए अजमेर की जनता का आभार

**अजमेर, (कासं)।** कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी की जीत के प्रति आश्वस्त है। जीत के लिए आशवस्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन,प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने अमूल्य वोट से कांग्रेस पार्टी को समर्थन एवं अतुलनीय आशीर्वाद प्रदान करने वाली अजमेर की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

अजमेर की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को नकारते हुए केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बढ़ रही महंगाई एवं बेरोजगारी तथा किसानों की आय दुगुनी करने के वादे को नहीं निभाने, युवाओं, महिलाओं, छोटे उद्यमियों के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कोई कार्य नहीं करने के मुद्दें पर भारतीय जनता पार्टी के विरूद्ध एवं कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि सब मिलकर न्याय की संकल्पना को साकार करते हुए सशक्त राजस्थान व हिंदुस्तान निर्माण करेंगे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एंव अजय शर्मा ( जिला एवं सेशन न्यायाधीश ) अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा के निर्देशानुसार आज राजपाल सिंह (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा ने जिला कारागृह भीलवाडा का निरीक्षण किया।

जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठोड से बंदियो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियो को दिये जा रहे भोजन की गुणवता की भी जांच की गई। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे मे जाना और किसी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने पर वह विधिक सहायता हेतु निशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन करने के बारे में बताया गया।

सजायाप्ता बंदियो से भी मुलाकात कर उनको निशुल्क अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। राजपाल सिंह ने महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जेलर स्वीटी एवं अन्य उपस्थित थे।



**जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठोड से बंदियो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।**